स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 25.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन हेतु नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के चयनित वरिष्ठ नागरिकों को हरिद्वार, ऋषिकेश यात्रा के लिए निगम मुख्य कार्यालय सुपेला से दुर्ग रेल्वे स्टेशन के लिए रवाना किया गया।

छ0ग0 शासन की अभिनव योजना मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के लिए निगम क्षेत्र के 8 हितग्राहियों का चयन जिला चयन समिति द्वारा हरिद्वार, ऋषिकेश यात्रा के लिए चयनित किया गया था। चयनित वरिष्ठ नागरिकों को निगम द्वारा सूचित कर शुक्रवार यात्रा तिथि दिवस को प्रातः 08 बजे निगम मुख्य कार्यालय सुपेला में एकत्र कर सभी यात्रियों को योजना के प्रभारी अधिकारी शरद दुबे द्वारा अभिनंदन कर जयघोष के साथ दुर्ग रेल्वे स्टेशन के लिए रवाना किया गया।

यात्रियों का समाज कल्याण विभाग में सभी आवश्यक कार्यवाही सम्पादित कराने हेतु विभाग के गणित राम बघेल एवं दुर्योधन साहू उपस्थित रहे।

जनसम्पर्क विभाग